# श्याम शुक्राना तेरा | By Tezi Brothers

बार बार खाटू में मुझे बुलाना तेरा ......2
लखदातार है लखवारी शुक्राना तेरा ...... ।२
ग्यारस के ग्यारस कृपा बरसाना तेरा .......2
लखदातार है लखवारी शुक्राना तेरा ......2
श्याम शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा
शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा

श्याम धणी तेरा चाँद सा मुखड़ा आँखों से मेरे जाता नहीं
जिस दिन से देखा है तुझको और नज़र कुछ आता नहीं
देख के मुझको सांवरिया मुस्काना तेरा
लखदातार है लखवारी शुक्राना तेरा ......2
श्याम शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा
शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा

सड़के तेरी मोरछड़ी के मेरे भाग संवार गई
ऐसे मेरे सर से घूमी मेरी नज़र उतार गई
कर गई तेरी मोरछड़ी दीवाना तेरा
लखदातार है लखवारी शुक्राना तेरा ......2
श्याम शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा
शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा

तेज़ी भी अब बन गए बाबा नौकर परमानेंट तेरे
छोड़ के दुनियादारी अब तो हो गए 100 परसेंट तेरे
ये दिल भी ये जां भी है नज़राना तेरा
लखदातार है लखवारी शुक्राना तेरा ......2
श्याम शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा
शुक्राना तेरा, श्याम शुक्राना तेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-tezi-brothers/